<u>बिहार सरकार</u>

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-800014

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी./टेण्डर-2025/01 दिनांक - 15.01.2025

पुराने एवं क्षतिग्रस्त बक्सों के बिक्री हेतु अल्पकालीन निविदा

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद के कार्यालय में उपलब्ध लगभग 5,000 (पाँच हजार) पुराने एवं क्षतिग्रस्त बक्सों की बिक्री हेतु जैसा है जहाँ है (As is where is) के आधार पर बेचने का निर्णय लिया गया है। इसके बिक्री के लिये प्रति अदद बक्सों का दर दर्शाने हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि 11.02.2025 निर्धारित है।

<u>आवश्यक शर्तें :</u>

(1) निविदा दो सीलबन्द लिफाफे में देना होगा । इन दोनों सीलबन्द लिफाफों को एक बड़े सीलबन्द लिफाफे में रख कर उसे भी सीलबन्द करते हुए स्पीड पोस्ट/ निबंधित डाक से भेजना होगा । किसी भी स्थिति में निविदा के सीलबन्द लिफाफे पर्षद कार्यालय में हाथो-हाथ प्राप्त नहीं किया जायेगा । बड़े सीलबन्द लिफाफे में निविदादाता द्वारा जो दो अलग-अलग सीलबन्द लिफाफे रखे जायेंगे उनमें (i) Technical Bid और (ii) Financial Bid के होंगे ।

(i) Technical Bid के सीलबन्द लिफाफे में, निविदादाता के GST Registration, तीन वित्तीय वर्षों यथा 2021-2022 से 2023-2024 का इन्कम टैक्स रिटर्न, पैन के संलग्न होना आवश्यक है, रखें जायेंगे तथा लिफाफे के उपर "Technical Bid" तथा विज्ञापन संख्या Superscribed किया जायेगा।

(ii) Financial Bid के दूसरे सीलबन्द लिफाफे में बक्सों का प्रति अदद का दर अंकित किया जायेगा तथा लिफाफे पर "Financial Bid" एवं विज्ञापन संख्या Superscribed किया जायेगा ।

(2) i. उक्त Technical Bid और Financial Bid के दो सीलबन्द लिफाफा को एक बड़े लिफाफे में रखा जायेगा। उस लिफाफे के उपर "Bid for Advertisement No. and Name" Superscribed किया जायेगा।

ii. निविदादाता "Technical Bid" वाले सील लिफाफे में निविदा देते समय जमानत राशि के रूप में रु. 20,000/- (बीस हजार) का बैंक ड्राफ्ट जो परीक्षा नियंत्रक, बी.सी.ई.सी.ई. बोर्ड, पटना के नाम कैनरा बैंक, बुद्ध मार्ग, पटना में देय होगा, जमा करना अनिवार्य है । निविदा स्वीकृत नहीं होने की स्थिति में बैंक ड्राफ्ट को लौटा दिया जाएगा । निविदा स्वीकृत होने की स्थिति में वह जमानत के रूप में कार्यालय में जमा रहेगा ।

(iii) जिन निविदादाताओं के "Technical Bid" के लिफाफे में रखे कागजातों के जांच के बाद, अगर उनके निविदा स्वीकृत होंगे उन्हीं निविदादाता का Financial Bid का लिफाफा खोला जा सकेगा और ऐसे अस्वीकृत निविदा के सम्बन्ध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

(iv) जिन निविदादाताओं को अस्वीकृत घोषित किया जायेगा उनके Security Money के बैंक ड्राफ्ट को वापस कर दिया जायेगा।

(3) निविदा में दिया गया दर आपूर्ति आदेश के निर्गत की तिथि से दो वर्ष तक प्रभावी रहेगा और यदि निविदा के शर्त्तों अनुसार सामान्य एवं संतोषप्रद रहा तो परस्पर वार्त्ता से अवधि विस्तारित भी की जा सकती है।

(4) कम्पनी / भागीदार फर्म / या व्यक्ति (Individual) निविदा में भाग ले सकते हैं ।

(5) आदेश प्राप्ति के बाद दो सप्ताह के अन्दर बक्सों की गिनती के अनुसार भुगतान करने के पश्चात् ले जाना होगा। गिनती एवं अन्य कार्यों हेतु अपनी व्यक्तिगत व्यवस्था करनी होगी। बक्सों की गिनती का कार्य पर्षद द्वारा अधिकृत पदाधिकारियों के समक्ष होगा।

(6) **बक्सों का नमूना कार्यालय अवधि में दिनांक 08.02.2025 (5.00 बजे अपराह्) तक देखा जा सकता है।**

(7) **निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि दिनांक 11.02.2025 के अपराह्न 2.00 बजे तक है तथा उसी दिन अपराह्न 4.00 बजे निविदायें क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी । इसमें निविदादाता उपस्थित रह सकते हैं।**

(8) Financial Bid के संबंध में Technical Bid Qualify करने वाले निविदादाताओं को पर्षद द्वारा बाद में सूचित किया जाएगा।

(9) सरकारी कर, माल (goods) के उठाव के समय हुए व्यय का निर्वहन निविदादाता द्वारा किया जाएगा ।

(10) बिना कारण बताये परीक्षा नियंत्रक के द्वारा निविदा को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा ।

(11) पूर्व के निविदा विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी./2023/06 दिनांक 03.08.2023 के आलोक में निविदादाता, मे० एस. के. ट्रेडर्स, बिड़ला मंदिर रोड, पटना-800004, का निविदा स्वीकृत हो जाने के उपरांत सामग्री का उठाव नहीं किया गया और न उनके द्वारा कोई पत्राचार किया गया, वे इस निविदा में सम्मिलित नहीं होंगे। उनका निविदा मान्य नहीं होगा।

परीक्षा नियंत्रक